TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें






teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar


20 सितंबर 2025
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
समय का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है।
चाणक्य
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# रेलवे सुरक्षा बल स्थापना 20 सितंबर

रेलवे सुरक्षा बल ( Railway Protection Force) भारत के सर्वोत्तम सुरक्षा बलों में से एक है। यह ऐसा सुरक्षा बल है, जो देश में रेल यात्रियों की सुरक्षा, भारतीय रेलवे की सम्पत्तियों की रक्षा तथा किन्हीं देश विरोधी गतिविधियों में रेलवे सुविधाओं के इस्तेमाल की निगरानी रखना है। यह एक केंद्रीय सैन्य सुरक्षा बल है, जो पैरा मिलिट्री फोर्स के रूप में भी जाना जाता है, जिसे दोषियों को गिरफ्तार करने, जाँच पड़ताल करने एवं अपराधियों के विरुद्ध मुकदमा चलाने का अधिकार है। यह प्रायः आर.पी.एफ़ के नाम से जाना जाता है। यह सुरक्षा बल भारतीय रेल मंत्रालय के अधीन होता है। देश की अर्थव्यवस्था में रेलवे का बड़ा ही योगदान रहा। यही वजह रही की माल की ढुलाई के लिए अंग्रेज़ों ने रेलवे की सहायता ली; पर समय के साथ-साथ रेलवे सम्पत्तियों की चोरी और रेलवे यात्रियों की सुरक्षा हेतु एक सुरक्षा बल की स्थापना की ज़रूरत महसूस की गई। इसके फलस्वरूप रेलवे सुरक्षा बल की स्थापना 20 सितंबर, 1985 में एक क़ानून बना कर की।

# पुण्यतिथि विशेष 20 सितंबर




**एनी बेसेंट** Annie Besant, जन्म: 1 अक्टूबर, 1847, लंदन; मृत्य: 20 सितंबर, 1933) भारत की मिट्टी से गहरा लगाव रखने वाली प्रख्यात समाजसेवी, लेखिका और स्वतंत्रता सेनानी थीं। एनी बेसेंट ने कई मौकों पर अन्याय का कड़ा प्रतिरोध करके 'आयरन लेडी' की छवि बनाई थी। एनी बेसेंट भारतीय दर्शन एवं हिन्दू धर्म से बहुत आकर्षित थी और थियोसॉफी का प्रसार करने के लिए भारत आईं थी। उन्हें भारत से अद्भुत प्रेम एवं अनुराग था और भारतवासियों द्वारा उन्हें दिया गया सम्मान एवं आदर भी दर्शनीय था।

# MATH TLM

35 Class-6to8

## महत्वपूर्ण सूत्र (औसत)

- लगातार n तक की सम संख्याओं का औसत $$\frac{n+2}{2}$$

जैसे - लगातार 20 तक की सम संख्याओं का औसत

हलः औसत = $\frac{20+2}{2} = \frac{22}{2} = 11$

Anu Priya, Science Teacher

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

माह: September 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 06.09.2025 | डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ.आर.एस. बनाने से संबंधित कौशल प्रशिक्षण  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 13.09.2025 | सड़क / रेल दुर्घटना से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 20.09.2025 | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल )  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 27.09.2025 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

TOB खेल कॉर्नर

# टी-20 बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक शर्मा | भारत | 884 |
| 2 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 838 |
| 3 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 794 |
| 4 | तिलक वर्मा | भारत | 792 |
| 5 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 771 |
| 6 | पाथुम निसांका | श्रीलंका | 751 |
| 7 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 747 |
| 8 | टिम साइफर्ट | न्यूजीलैंड | 725 |
| 9 | कुशल परेरा | श्रीलंका | 679 |
| 10 | टिम डेविड | ऑस्ट्रेलिया | 676 |

Teachers Of Bihar

# आओं सीखें

## संस्कार

किसी व्यक्ति के आचरण, विचार और व्यवहार को शुद्ध व श्रेष्ठ बनाने वाली प्रक्रिया या गुण। यह व्यक्तिगत स्तर पर होता है - यानी एक व्यक्ति के भीतर विकसित मूल्य, आदतें और चरित्र होती हैं।

जैसे : - बचपन से मिले अच्छे संस्कार जीवनभर काम आते हैं।

VS

## संस्कृति

किसी समाज या राष्ट्र की जीवन-शैली, रीति-रिवाज, परंपरा, कला और मूल्य। यह सामूहिक स्तर पर होती है - यानी पूरे समाज या राष्ट्र की पहचान और जीवन-पद्धति होती हैं।

जैसे : - भारतीय संस्कृति अपनी विविधता के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

**संक्षेप में :-**

- **संस्कार =व्यक्ति के भीतर का गुण।**
- **संस्कृति = समाज की सामूहिक पहचान।**

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 20.09.2025

## शिक्षा में "परिचित सन्दर्भ"

शिक्षा में "परिचित सन्दर्भ" का अर्थ है ऐसे विषय, परिस्थितियाँ, या उदाहरणों का उपयोग करना जो शिक्षार्थियों के लिए जाने-पहचाने हों ताकि वे नई जानकारी को आसानी से समझ सकें और जोड़ सकें। इसका उद्देश्य छात्रों को पहले से ज्ञात ज्ञान से जोड़ना है, जैसे वास्तविक जीवन के उदाहरणों, स्थानीय संदर्भों या छात्रों की अपनी मान्यताओं को चुनौती देना। इस विधि से छात्र नई अवधारणाओं को बेहतर ढंग से ग्रहण करते हैं और सीखने की प्रक्रिया अधिक सार्थक बनती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**अपोलो टायर्स**, भारतीय क्रिकेट टीम की नई जर्सी स्पॉन्सर बन गई है। बताया गया कि डील **579 करोड़ रुपये** में पक्की हुई है, जो अगले ढाई साल तक चलेगी।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

## केला



मुझमें आयरन और फोलेट की मात्रा सबसे अधिक होती है। इसके अलावा एंटी आक्सीडेंट, कार्बोहाइड्रेट, ल्यूटिन,vit.A,B-6, C , कैरोटिनॉयड, फास्फोरस कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम, पोटेशियम और जिंक भी पाया जाता है।


Anu priya

Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones


Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Muscle  मांसपेशी

Mussel  सीप

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya


पद्य पंकज
भर गया है जहर से
संसार जैसे हार खाकर,
देखते है लोग लोगों को
सही परिचय न पाकर,
बुझ गयी है लौ पृथा की
जल उठो फिर सींचने को।
सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस

20 सितंबर



यशो लभस्व

Madhu priya

www.teachersofbihar.org